पुरानी कहावत है कि सच्चे इंसानों का नाम युगों-युगों तक अमर रहता है। सुपर कमांडो ध्रुव भी एक ऐसा ही नाम है। जिनको देखकर शरीफ और बदमाश, सब यही सोचते हैं कि ये विलक्षण शख्स एक इंसान है या एक...

कथाः	चित्रः	इंकिंगः	सुलेख एवं रंगः	सम्पादकः
जॉली सिन्हा	अनुपम सिन्हा	विनोदकुमार	सुनील पाण्डेय	मनीष गुप्ता

ये तो काफी पुरानी जगह लगती है! क्या निकला है इस पुरानी सभ्यता के अवशेषों की खुदाई में?

अभी तक तो कुछ खास नहीं निकला है! एक सन् 2062 का ग्रेगोरियन कैलेंडर है, और...

2062 फरवरी

रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र शनि

1 2 3 4 5

6 7 8 9 10 11 12

और... सुपर कमांडो ध्रुव के कारनामों पर एक कॉमिक भी है! प्लास्टिक के पैक में एकदम सुरक्षित! वाऊ!
इतनी बड़ी चीज मिलने पर इतनी धीरे से 'वाऊ'? अरे मेरी तरह दिल खोलकर चिल्ला!
वाऊ!
चाल
अब इस कॉमिक का क्या करना है?
वही जो हर कोई सुपर कमांडो ध्रुव की कॉमिक मिलने पर करता है!...
...इसको सीधे लेकर सीनीयर इंस्पेक्टर मिट्टा डाला के पास चलते हैं! वह हर ऐसी पुरानी कॉमिक की मुंहमांगी कीमत देता है!
इसके दस लाख से कम मत मांगना! पर मिट्टा मिलेगा कहां पर?
जब वह किसी केस की इंवेस्टिगेशन नहीं कर रहा होता तो अपने अंडरवियर फ्रेंड पागल प्रोफेसर इंवेंशन प्रसा के पास बैठा रहता है!
अगर शहर में होगा तो वहीं मिलेगा! चल!
मिट्टा वहीं पर था, जहां पर सभी जानते थे कि वह होगा!
कमाल है! कमाल है! हा हा हा! सुई से इतने बड़े विलेन को हरा दिया! सिर्फ एक सुई से!
वाह ध्रुव! वाह! मेरे शेर! मेरी प्रेरणा के स्त्रोत! मेरे भगवान! मेरे...
चुप कर यार! पचासों बार ये किताब पढ़ चुका है तू!
अब तूने एक बार और ध्रुव का नाम लिया तो मैं पागल हो जाऊंगा!

पागल वैज्ञानिक तो लोग तुझे पहले से ही कहते हैं! और क्यों न कहें? जो ध्रुव जैसे महान दिमाग की कद्र नहीं करता, उसे तो पागल ही कहना चाहिए!

पागल तो तू है मिट्टा जो बाप दादों से मिली अरबों की जायदाद से कबाड़ खरीद रहा है!

अरे, सुधर जा! सुपर कमांडो ध्रुव उस गुजरे जमाने की चीज है, जब लोग सिर्फ दिमाग पर भरोसा करते थे!

आज की तकनीक के रहते दिमाग लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती है!

दो पुरातत्व बेता ध्रुव की नई... मेरा मतलब पुरानी कॉमिक लेकर आए हैं! ये उनको राजनगर के पुराने शहर की खुदाई करते वक्त मिली है!
सही में! खरीद लो! किसी भी कीमत पर खरीद लो!
पर वे दस लाख मांग रहे हैं!
दे दो! और साथ में एक रुपया और मिलाकर दे दो! शगुन का!
हे भगवान! ये क्या किया तूने? अब फिर तीन- चार महीनों तक इस कॉमिक की कहानी बार- बार सुननी पड़ेगी। अब तो अपनी बात को साबित करना ही पड़ेगा!
और अपनी बात को साबित करने के लिए मेरे पास एक रास्ता भी है! मिट्टा के दिमाग से ध्रुव का नाम मिटाकर ही रहूंगा मैं!

सन् 2003-
खबरदार जो किसी ने भी इस जेल कॉम्पलेक्स के आस-पास भी आने की कोशिश की! वर्ना जेलर के साथ-साथ दो और जेल अधिकारियों की खोपड़ियां उड़ जाएंगी!
मेरी मांगें पूरी करने के लिए तुम्हारे पास एक घंटे का समय है! उसके बाद न तो ये जेलर रहेगा...
...और न ही ये जेल!
कमिश्नर राजन ने घटनास्थल पर पहुंचने में जरा सा भी वक्त नहीं गंवाया था-
ADMINISTRATIVE B
आखिर ये अपहरणकर्ता चाहता क्या है? इसकी मांगें हैं क्या?
आप जानते ही होंगे कि अभी हमने हथियारों के एक बड़े जखीरे को तीन आतंकवादियों के साथ पकड़ा था, सर! ये उन्हीं तीन आतंकवादियों की रिहाई के साथ-साथ...
...हथियारों के जखीरे को भी सौंपे जाने की मांग कर रहा है!

कमाल है! ऐसी मांग तो मैंने पहली बार सुनी है! जब्त हथियारों को सौंपे जाने की मांग तो आज तक शायद पूरी दुनिया में किसी ने भी नहीं की है! खैर एक सोचने वाली बात ये भी है कि जेल की ऊंची दीवारों और सिक्योरिटी को पार करके भला ये अपहरणकर्ता जेलर के कमरे तक पहुंचा कैसे?
ये तो सौ प्रतिशत सिक्योरिटी की खामी है सर! इस पर बाद में गौर करेंगे!
फिलहाल तो हमें जेलर साहब को छुड़ाने पर ध्यान देना चाहिए!
पर कैसे? उस कॉम्पलैक्स के आसपास भी बिना नजर आए जाया नहीं जा सकता! हमको अपहरणकर्ता को बातों में उलझाकर अंधेरा होने का इंतजार करना होगा!
तब तक तो... अरे सर! वो देखिए!
कॉम्पलेक्स की छत पर कोई खड़ा है! पर ये है कौन और वहां तक पहुंचा कैसे?
मैं इसको पहचान गया हूं डिप्टी जेलर। मौत सिर पर मंडराती है और ये उस अपहरणकर्ता की मौत का फरिश्ता है जो उसके सिर पर मंडरा रहा है!

इस मौत के फरिश्ते की एक खासियत थी-
कि यह सिर्फ अपराध के लिए मौत का पैगाम लाता था, अपराधियों के लिए नहीं-
कड़्च
क्योंकि इस फरिश्ते ने कभी इंसानी जान न लेने की कसम खाई हुई थी-

सबसे पहले मुझे अंदर का हाल जानना होगा! और उसमें यह धातु की चादर का टुकड़ा मेरी मदद करेगा!
हवा में नीचे गिरते धातु के टुकड़े की चमकती सतह पर सिर्फ पलभर के लिए कमरे के अंदर के दृश्य की छाया दिखी-
कमरे में एक नहीं बल्कि दो अपहर्ता हैं! सबसे पहले जेलर और सिपाहियों को शॉटगन के निशाने से बचाना होगा!
लेकिन उतना ही समय ध्रुव के लिए पूरी परिस्थिति समझने को काफी था-

क्योंकि मेरे कमरे में घुसते ही उन पर गोलियां चल जाएंगी!

नीचे-
सूंसूंसूं sss
कोई आसपास है! पर बगैर हमारी नजर में आए तो कोई यहां तक पहुंच ही नहीं सकता!...
...फिर ये कौन हो सकता है?

आ गया!
भून डालो इसको!
माफ करना भाई! भूनने की तकलीफ न ही करो तो अच्छा है! मुझे तली-भुनी चीजें ज्यादा पसन्द नहीं हैं!
टनाक

आपको आजाद होने के लिए एक-दो मिनटों का और इंतजार करना पड़ेगा जेलर साहब! जब तक मैं इन दोनों अपहर्ताओं को काबू में नहीं कर लेता!
और अब ये निहत्थे हो चुके हैं! इन पर काबू पाना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा!
ध्रुव के लिए काम वाकई में ज्यादा मुश्किल नहीं था-
तड़ाक
अगर उसको सिर्फ दो इंसानों को काबू में करना होता-
क्योंकि इंसानों पर तो आराम से काबू पाया जा सकता है-
गर्रर्र
लेकिन बिगड़े जानवरों पर नहीं-
ओ माई गॉड! ये तो एक गुरिल्ला है। अब समझ में आया कि यह अपहरणकर्ता इतनी ऊंचाई तक आराम से चढ़ा कैसे! इस बन्दर की मदद से!
लेकिन इतने बड़े बन्दर पर किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी?
सिक्योरिटी सचमुच में काफी असावधान है!

अब मुझको सारी घटना का आभास हो रहा है। यह अपहरणकर्ता वास्तव में किसी किस्म का एनिमल ट्रेनर है! और इस अजीबोगरीब गुरिल्ले की मदद से जेलर तक पहुंचने में कामयाब हो गया है!
यानी अगर मैं किसी तरह से गुरिल्ले को काबू में कर सकूं तो इसकी आधी से ज्यादा ताकत खत्म हो जाएगी!
पर यह काम मुझको इस अपहरणकर्ता के संभलने से पहले ही कर लेना है!
और भाग्यवश मेरी यूटिलिटी बेल्ट में जानवरों को काबू में करने वाली एक बेहोशी की डार्ट पड़ी है!
और इस विशाल गोरिल्ले तक को बेहोश करने का काम यह डार्ट दो सेकंड में कर देगी! काफी पॉवरफुल है ये!
खच्च
लेकिन गुरिल्ला दवाई से ज्यादा पावरफुल निकला-

आऽऽऽह! इस पर तो कोई असर ही नहीं हो रहा है! और अपहरणकर्ता होश में आता जा रहा है! अब मैं इस गुरिल्ले को बंदी कैसे बनाऊं? अरे वाह!
मैं जेल के अंदर होकर बंदी बनाने की बात सोच रहा हूं! यहां तो बंदी बनाने के रास्ते ही रास्ते हैं!
मुझे इस जेल का प्लान पूरी तरह से याद है। इस फ्लोर के नीचे कैदियों की कोठरियां हैं!
इस 'एसिड-कैप्सूल' का एसिड फर्श को काटकर कमजोर कर देगा!
और अब जब गुरिल्ला मुझ पर कूदेगा...
...तो इसके वजन को ये फर्श सह नहीं पाएगा और ये सीधे नीचे कोठरी में जाकर गिरेगा!
और ये कोठरी काफी गहरी है! ये गुरिल्ला कूद-कूदकर भी बाहर नहीं निकल पाएगा!
कड़ड़ड़

अब तुम थोड़ी देर तक इसी सेल के अन्दर उछल-कूद करो, तब तक मैं तुम्हारे मालिक से निपटकर आता हूं!
गर्र्र
लेकिन गुरिल्ले ने उछलकूद नहीं की-
बल्कि वह आश्चर्यजनक रूप से शान्त हो गया-
हम्म्फ्
क्योंकि वह शायद ये जानता था कि उसके मालिक को उसके बगैर भी अपना काम पूरा करने में कोई दिक्कत नहीं पेश आएगी-
ओ माई गॉड! ये... ये क्या? पूरा कमरा बर्फ ढके पहाड़ी इलाके सा लग रहा है!
हां! अब जल्दी ही ये बर्फ इन पुलिस वालों के चेहरों को भी ढक लेगी। उसके बाद ये एक मिनट से ज्यादा जिन्दा नहीं रहेंगे।
जा! जाकर पुलिस वालों से मेरा माल और मेरे आदमी छुड़वाकर ला!

RAJ COMICS FAN NATION

मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि कमरे के अंदर हिमपात कराने जैसी शक्ति तुम्हारे पास आई कहां से?
तुम हो कौन? और आतंकवादियों से तुम्हारा क्या संबंध है? क्योंकि मुझे इतना आभास तो जरूर हो रहा है कि तुम आतंकवादी नहीं हो!
तू मुझे बातों में उलझाकर समय काटना चाहता है! तुमसे मेरा काम नहीं होगा। अब मैं ही तेरी लाश को संदेश के रूप में पुलिस वालों के पास भेजूंगा ताकि वे मेरी मांगों को गंभीरता से लें और उनको जल्दी से जल्दी पूरा करें!
आश्चर्यजनक! इसके हाथ से तो कुदालों की लाइन निकलती आ रही है!
और हर कुदाल का निशाना मैं ही हूं! कोई भी कुदाल मेरे बदन को चीर सकती है! मुझे इनसे बचना ही होगा। पर कैसे? इस चिकनी बर्फ पर तो संतुलन बनाए रखना भी मुश्किल है!

खैर! अगर जमीन पर पैर नहीं टिकते तो पैरों को हवा में रखना पड़ेगा! स्टार लाइन को पंखे में अटकाकर ...
... हवा में झूलकर इन कुदालों से बचना पड़ेगा!
मुझको तुम्हारा धन्यवाद अदा करना चाहिए! पहले मैं इस चिकनी बर्फ के कारण तुम तक पहुंच नहीं सकता था...
... लेकिन तुमने कुदालों को बर्फीली दीवारों और ढलानों पर जगह-जगह अटकाकर मुझे वह रास्ता दे दिया है जिससे कि मैं तुम तक पहुंच सकूं!
क
मैं तो तेरी जवानी पर तरस खाकर तुझको एक ही झटके में खत्म करना चाहता था। पर अब तुझे मैं एक दर्दनाक मौत दूंगा!
तू वास्तव में बहुत खतरनाक है लड़के! मेरे ही वार को मुझ पर ही आजमा दिया!
आऽऽऽह!

क्योंकि ये बवंडर मेरा पीछा नहीं छोड़ेगा!

आऽऽऽऽ

ध्रुव, बवंडर में घिरता चला गया-

और कुछ ही पलों के बाद वह एक बर्फीली सिल्ली के अन्दर अपनी बची हुई सांसें गिन रहा था-

पर कैसे ? इस सिल्ली के अंदर तो मैं हिल भी नहीं सकता! फिर भला मैं इस तक पहुंचूंगा कैसे ? फिसलकर ? ओ येस ! फिसलकर ! ...
... मेरे पैर जूतों के अंदर थोड़ा-बहुत हिल सकते हैं! और मैं पैरों की उंगलियां हिलाकर ...

... अपने स्केट्स को बाहर निकाल सकता हूं!
और चूंकि मेरे पैरों के नीचे बर्फ की सिल्ली नहीं है ...

... इसीलिए मैं अपने स्केट्स पर फिसलकर ...

... इसको इसकी ही बर्फ से एक ऐसी जोरदार टक्कर लगा सकता हूं कि ये बेहोश हो जाए। अब देखना यह है कि ऐसा होने से इसका मायाजाल टूटता है या नहीं !
धड़ाक

कड़ कड़कड़कड़ड़ड़
टूट गया ! मैं आजाद हो गया! हा SSSS !
अब सभी सुरक्षित हैं!
हमारे ऊपर जमी बर्फ भी पिघल रही है! तुमने कमाल कर दिया ध्रुव!
अब हम इससे उगलवाएंगे कि ये कहां से आया था और इसका सरगना कौन है!

कहानी 19 पेज से जारी

लेकिन ध्रुव और पुलिस वालों के लिए एक आश्चर्य इंतजार कर रहा था-

ओ माई गॉड! इसको तो मैं पहचानता हूं! ये तो जिंगारो शेरपा है!

वह मशहूर पर्वतारोही, जो दो बार एवरेस्ट की चढ़ाई कर चुका है! पर ये... ये तो पांच साल पहले एक पर्वतारोहण के दौरान लापता हो गया था!

उस अभियान में मैं इसकी टीम में डॉक्टर की हैसियत से शामिल था। ये आश्चर्यजनक ढंग से लापता हो गया था! हम समझे थे कि ये किसी खाई में गिर गया होगा! पर ये तो बहुत अच्छा आदमी था! ये आतंकवादियों का साथी हो ही नहीं सकता!

मतलब साफ है। ये गायब नहीं हुआ होगा! बल्कि आतंकवादियों ने इसको उठा लिया होगा!

और अब वे इसको ये काम करने पर मजबूर कर रहे होंगे!

आपके ऑफिस के कमरे के नीचे वाली मंजिल पर बने एक सेल में! और उस सेल की पहचान ये है कि उसकी छत टूटी हुई है!
ओह! तो सेल की छत तुमने तोड़ी थी! लेकिन उसमें तो कोई गुरिल्ला नहीं था! और... और वह सेल तो अनलॉक था! उसमें ताला नहीं लगा था!

धत्त तेरे की! यानी जिस सेल में मैंने उसे गिराया था, वह बंद था ही नहीं!
तब तो वह लगभग तुरन्त ही भाग लिया होगा!
थ प प
लेकिन उसको भागते हुए किसी पहरेदार ने नहीं देखा!
बंदरों में छिपकर भागने का जन्मजात गुण होता है!

अब तो हमको जिंगारो के होश में आने का इंतजार ही करना होगा!
हां! वैसे फिलहाल हम उन तीनों आतंकवादियों से पूछताछ कर सकते हैं जिनको ये छुड़ाने आया था!
और साथ में उन जब्त हथियारों की जांच भी कर लेते हैं!

शायद वहां से कोई सुराग मिल सके–
हमारे आदमियों को जेल से बाहर निकालना बहुत जरूरी है!

उनके मुंह खोलने की चिन्ता क्यों करते हो! वे ज्यादा से ज्यादा तुम्हारा नाम या तुम्हारा ठिकाना बता सकते हैं। तुम्हारा नाम तो शायद इंटेलिजेंस वालों को शायद पहले से ही पता हो! और ठिकाने तो तुम लोग रोज ही बदलते रहते हो!
इस वक्त हमको हथियारों की जरूरत है। आदमियों की कोई कमी नहीं है! बगैर हथियार तुम हिन्दुस्तान में दहशत फैलाने के अपने मंसूबो पर कभी अमल नहीं कर सकते!
तुम सही कह रहे हो! लेकिन सीमा पर चौकसी बहुत सख्त है। पाकिस्तान से आने वाले हथियारों की कंसाइनमेंट पिछले कई महीनों से आ ही नहीं पा रहा है। तुम पता नहीं कहां से हथियार ला-लाकर हमको सप्लाई कर रहे हो?...
... पर इस बार हथियार कहां से आएंगे? और उनको लाएगा कौन?

इसकी चिन्ता तुम मत करो! मेरे पास हथियारों का गोदाम भी है और उसको सही जगह पर पहुंचाने वाला एक अनुभवी आदमी भी है!
तुम जाओ और कहर फैलाने वाली नई-नई योजनाएं बनाओ!
यही तो हम पाकिस्तानियों का एकमात्र काम है!
हिन्दुस्तान को तबाह करने वाली नई-नई साजिशें रचना!
लेकिन हमारा मकसद कुछ और ही है। अब मुझको उस आदमी से मिलना है जो हथियारों की अवैध सप्लाई का बेताज बादशाह है। वह अपनी इस लाइन का मास्टर नहीं, बल्कि ग्रैंडमास्टर है...
...और वह है...
...ग्रैंडमास्टर रोबो! वेलकम! वेलकम!
मेरा समय खराब मत करो! मैं तो सिर्फ पुरानी जान-पहचान का लिहाज करके तुमसे मिलने चला आया! बताओ, मुझे क्यों बुलाया है?
तीन-चार दिनों में हमारे पास हथियारों का एक बड़ा कंसाइनमेंट आने वाला है...
...उसको हिन्दुस्तान में जगह-जगह पर मौजूद आई.एस.आई एजेंटों तक पहुंचाने का काम तुमको करना है! पैसा मुंह मांगा मिलेगा!

झको यह तो पता ही है कि
मैं ये काम छोड़ चुका हूं!
टायरमेंट ले लिया है
मैंने, किंगकांग!
ये काम तो तुमको करना ही पड़ेगा!
ये असंभव है! जो काम मैंने छोड़ दिया वो छोड़ दिया! गुडबाय, किंगकांग!
यही बात मेरी आंखों में आंखें डालकर कहो, ग्रैंडमास्टर!
ताकि मुझको तुम्हारी बात की सच्चाई पर यकीन आ जाए!
मुझे पता है। किंगकांग
कुछ जानता है। लेकिन दिक्कत
एक है! तुम्हारे अलावा ये काम
कोई नहीं कर सकता!
तो सुनो! मैं... मैं यह काम...
हां, हां, बोलो!
मैं... मैं...
तुम्हारा
करूंगा।
शाबाश! मुझे पूरा भरोसा था कि तुम मुझको पूरा सहयोग दोगे! अब जब तक हथियारों का इंतजाम हो और हिन्दुस्तान में तबाही फैले, तब तक अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के कराची शहर में दो-तीन धमाके करा दो!

ताकि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान पर इल्जाम लगाए और पाकिस्तान हिन्दुस्तान पर! दोनों देशों में तनाव बना रहना चाहिए! दुनिया के हर देश को दूसरे देश से खतरा बना रहना चाहिए! तभी तो हमारा मकसद पूरा होगा!

पूरी तबाही का मकसद!

जहां पर आग लगाने वाले होते हैं-

वहां पर आग बुझाने वाले भी होते हैं-

ये हैं वे हथियार जो हमने आतंकवादियों के पास से बरामद किए थे!

ये समझ में नहीं आया कि आखिर इनमें ऐसी कौन सी खास बात है कि इनको वापस करने के लिए जेलर को बंधक बनाने की जरूरत आ पड़ी!

इन पर पाकिस्तान में बने होने के ठप्पे साफ नजर आ रहे हैं! शायद वे इस बात का सबूत नहीं छोड़ना चाहते हैं कि आतंकवादियों को हमारा पड़ोसी देश मदद दे रहा है!

ऐसे हथियार तो हमारे पास और भी हैं! पहले ऐसी कोशिश कभी क्यों नहीं हुई?

एक मिनट! इसकी नाल के अंदर कुछ खुदा हुआ है!

आटे का इंतजाम कीजिए!

ये लो आटा! अब क्या रोटी भी पकाओगे?

रोटी तो शायद कोई और सेंक रहा है! हमारी शांति में आग लगाकर!

इस आटे पर मैं नाल के अंदर खुदी लिखवाई की छाप ले रहा हूं!

और मुझे पूरा यकीन है कि ये लिखवाई हमारे हर सवाल का जवाब दे देगी!

उस लिखाई में जवाब तो जरूर था, लेकिन हर किसी को चौंका देने वाला था-
मेड इन इंडिया! व्हाट! ये... ये कैसे हो सकता है! ये तो असंभव है!
ये जो कुछ है आपके सामने है पापा! नाल के अंदर लिखी हुई लिखाई गलत नहीं हो सकती!
यानी तुम्हारा कहना है कि... कि...

यस पापा! मैं जो कहना चाहता हूं वह आप समझ रहे हैं।
अब आपको इन हथियारों के ओरीजिन यानी निकलने के स्थान का पता लगाएं। तभी ये गुत्थी सुलझ पाएगी!
ये कोई बड़ा काम नहीं! अभी एक घंटे के अंदर इन हथियारों की पूरी हिस्ट्री पता चल जाएगी!
यू जस्ट वेट!

ये रहस्योद्घाटन सनसनीखेज होने के साथ-साथ हर किसी को चिन्ता में डाल देने वाला भी था-
आप ये क्या कह रहे हैं कमिश्नर राजन? इट... इट इज जस्ट इंपासिबिल!
GEN. A.P. KAUL
INDIAN ARMY

हम पूरी जांच करने के बाद आपके पास आए हैं जनरल कौल!
जो हथियार हमने आतंकवादियों के पास से पकड़े हैं वे आपके हथियारों के अलग-अलग डिपोज से चुराए गए हैं!
आप उन डिपोज के नाम बताइए! मैं अभी उन डिपोज के हथियारों के स्टॉक की जांच कराता हूं!
अभी सच्चाई सामने आ जाएगी! दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा!

आप अब शायद ऐसा न कर पाएं जनरल सर! क्योंकि इन हथियारों के डिपो में पहुंचने की तारीखों के बाद उनमें से हर डिपो में आग लग चुकी है!
फिर ये हथियार बाहर कैसे आए? तब तो इनको भी जलकर नष्ट हो जाना चाहिए था!
यह जाहिर है सर कि इन हथियारों के चुराने के बाद उन डिपोज में आग जानबूझकर लगाई गई है! ताकि उन तक पहुंचने के सबूत डिपोज के साथ ही जलकर खाक हो जाएं!
अब पाकिस्तान से हथियार न मिल पाने के कारण आतंकवादियों ने हमारे कुछ भ्रष्ट सैन्य अधिकारियों के साथ मिलकर ये जाल रचा है!
पर अब तो सारे सबूत नष्ट हो चुके हैं! अब हम उन भ्रष्ट अधिकारियों को पकड़ेंगे कैसे?
एक रास्ता है जनरल कॉल!
एक ऐसा डिपो अभी भी बचा हुआ है जिससे ये हथियार चुराए गए हैं!
हम उस डिपो के अधिकारियों के बीच में ध्रुव को आर्मी ऑफिसर के रूप में घुसा सकते हैं! और इस तरीके से आप उन भ्रष्ट सैन्य अधिकारियों तक पहुंच सकते हैं!
योजना अच्छी है! मैं अभी इंतजाम करता हूं!
और एक दिन बाद-
करगिल एम्युनिशन डिपो में-
कैप्टेन ध्रुव रिपोर्टिंग, सर!
हुम! स्मार्ट ऑफीसर! पेपर भी पूरे और ठीक हैं!
वेलकम टू आवर यूनिट! पर एक बात का ध्यान रहे!

इस डिपो में सैन्य अनुशासन बहुत कड़ा है। जो भी कहा जाए वह चुपचाप करते जाना! वर्ना मुश्किल में पड़ जाओगे!
समझ गया सर! आप चिन्ता न करें! मुझे वैसे भी चुपचाप काम करने की आदत है!
फिलहाल तुम्हारी ड्यूटी डिपो के मेन गेट पर लगाई जा रही है!
CONFIDENTIAL
तब तक जब तक कि मुझे सुबूत न मिल जाए मेजर शर्मा!
इस खेल के सारे खिलाड़ी एक-एक करके एक ही जगह पर एकत्रित हो रहे थे-
मुझको यहीं पर रुकने को कहा गया है! हथियारों का कंसाइनमेंट मुझको यहीं पर मिलेगा!
और यहां से वह माल मुझको आगे ले जाना है!
ाल को ग्रैंडमास्टर रोबो तक पहुंचाने के प्रयास शुरू हो चुके थे-
ये क्या है? हले इस माल के पेपर दिखाइए फिर ाल अंदर ले जाइए।
पेपरों की क्या जरूरत है! हमको यहां पर सभी पहचानते हैं! तुम लगता है यहां पर नए आए हो! अरे, धौलापुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आदमियों को कोई नहीं रोकता!
ON ARMY
LES
GRENEDES
फिर भी, पेपर दिखाने में क्या बुराई है!
लीजिए! देख लीजिए!

पेपर ठीक हैं! अब ये भी चेक करा दीजिए कि ट्रक में भी वही माल है न जो पेपर में लिखा है!
इनको जाने दो, कैप्टन ध्रुव!

मेजर शर्मा! पर सर, माल तो चेक करना ही पड़ेगा न!
इस डिपो में रोज सत्तर ट्रक माल लेकर आते हैं। अगर हम ऐसे ट्रकों को चेक करते रहे तो काम कभी भी समय पर पूरा नहीं हो पाएगा!
इसीलिए हम लोग 'रैंडम चेकिंग' करते हैं!
कोई भी एक बॉक्स छांटकर उसमें भरा माल चेक कर लेते हैं। वही सही है तो सब सही है!

वो बॉक्स चेक कराओ!
मैं समझ रहा हूं मेजर शर्मा! सब समझ रहा हूं!

हां, माल ठीक है। यानी सारा माल ठीक है! चलो माल अंदर रखवाओ!

माल रखने वाले हर मजदूर पर ध्रुव की नजर थी–

तभी उसके सजग कानों से वह आवाज बच नहीं सकी-
सर! अंदर से एक मजदूर के चीखने की आवाज आई है। कुछ गड़बड़ है!
कोई गड़बड़ नहीं है। जरूर उसके पैर पर कोई बॉक्स गिर गया होगा।
फिर भी मैं देखता हूं सर! एक्सक्यूज मी।
ओह! ये लड़का कुछ ज्यादा ही उत्साही है।
ध्रुव का ख्याल गलत नहीं था। अंदर जो कुछ भी था, उसको देखकर चीख निकल जाना स्वाभाविक ही था-
ओ माई गॉड! एक और गुरिल्ला! शायद ये वही गुरिल्ला है जो राजनगर जेल से भाग निकला था।
अब तो मुझको यकीन हो गया है कि आर्मी के हथियार डिपो से हथियारों की चोरी का आतंकवादियों से गहरा संबंध है!
ये हथियार चोरी करने की कोशिश कर रहा है। और मुझको ऐसा लग रहा है कि इसको रोकना आसान काम नहीं होगा!
पर ये गुरिल्ला अंदर घुसा कैसे? सैन्य सिक्योरिटी की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी?

इसको जरूर कोई ध्यान बंटाने के लिए जानबूझकर अंदर लाया है! जो कुछ भी हो। पहले इसको काबू में करना ही होगा। और ये काम आसान नहीं होगा! इस बार तो इस बारूद के गोदाम में इससे लड़ना ही खतरनाक काम है!
सबसे पहले इसके हाथों में थमें हथियारों के बॉक्सेज को गिराना होगा।
ध्रुव ने कोशिश तो भरपूर की थी–
लेकिन ये भरपूर कोशिश काफी नहीं थी–
आऽऽऽह! इसने तो बॉक्सेज को एक हाथ से ही थाम लिया है!...
... और दूसरा हाथ मुझे मारने के लिए फ्री कर लिया है!
RIFLES
और अब ये बक्सों के पहाड़ को जमीन पर रखकर उसके ऊपर और बक्से लादता जा रहा है!
क्या मकसद है इसका?

इसका जो भी मकसद था वह पूरा हो चुका है! अब आगे का काम मुझको करना है! मुझको यानी श्रिंकोका को!

अरे! ये बॉक्स तो धौलापुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से आए बॉक्सेस में से एक है! यानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री वालों की मिलीभगत से ये श्रिंकोका इस डिपो के अंदर तक पहुंचा है! पर अब ये करेगा क्या?

तू कुछ भी कर ले, शिंकोका! ध्रुव ये हथियार लेकर तुझको इस डिपो से बाहर नहीं जाने देगा!
कभी नहीं!
ओह! तू तो आर्मी मैन नहीं है। सुपर कमांडो ध्रुव है! और तेरा यहां पर मौजूद होना इस बात का सूचक है कि तुझको हमारे काम करने के तरीके की भनक लग चुकी है!
पर तेरा एक ख्याल गलत है! ये हथियार यहां से लेकर मैं नहीं ये गुरिल्ला जाएगा!
इसने गुरिल्ले को भी शिंक कर दिया है। और अब वह गुरिल्ला छोटा होकर छोटे-छोटे हथियारों के बॉक्स को लेकर भाग रहा है! पर अगर यही काम करना था तो हथियार सीधे ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से ही चुराए जा सकते थे। यहां से खतरा मोल लेकर हथियार चुराने का क्या मतलब है!
इस आकार से गुरिल्ले को तो रोकना मुश्किल है! अब तो शिंकोका को ही काबू में करके इस षड्यंत्र की जड़ तक पहुंचना होगा!

कहानी 35 पेज से जारी

तक सैनिक भी घटनास्थल पर पहुंच चुके थे-

जाओ! यहां ली भूलकर भी चलाना! इसको ने की कोशिश करो!

लेकिन आगे बढ़ते सैनिकों के शरीर से श्रिंकिंग किरणें टकराईं-

ओह! बचने के चक्कर में ये कहां पर आ गया हूं मैं? ओह ये निशानेबाजी का सामान है! पुतले हैं और निशाने को पेंट करने वाले अलग-अलग रंग भी है! लाल, नीला, पीला...

...शायद ये पेंट मेरी मदद कर सकें...

पेंट का पूरा डिब्बा श्रिंकर के चेहरे पर आ गिरा–

अब ये पेंट तुम्हारी आंखों को ढककर रखेगा। और जब तक तुम आंखों के ऊपर से ये पेंट हटा पाओगे, तब तक मैं तुम्हारी आंखों को कई घंटों के लिए बंद कर दूंगा!

श्रिंकर, देखने के लिए सिर्फ आंखों का मोहताज नहीं है। तेरी आवाज ही मुझको तेरी स्थिति बताने के लिए काफी है! अब संभल! या तो तू हथियारों से भरी भारी क्रेटों से बच ले!

या फिर मेरी 'श्रिंकिंग-रे' के वार से बच ले!

ध्रुव के सामने दुहरी मुसीबत आ गई थी–

और वह सिर्फ एक ही मुसीबत से बच सकता था–

उसने श्रिंकिंग-रे के वार से बचने की ठानी–

और भारी क्रेटों का ढेर उसके ऊपर गिरता चला गया–

इन क्रेटों के बीच में फंसकर ध्रुव मेरी श्रिंकिंग-रे के वार से बच नहीं सकता था! वह जरूर चूहे के आकार का हो गया होगा!

अभी ढूंढ़ता हूं उसको ये क्रेट हटाकर!

आहा! ये रहा ध्रुव! मैं जानता था कि ये मेरी किरण के वार से बच नहीं सकता था। मच्छर बना दिया है मैंने इसको! अब मैं इसको अपनी मुट्ठी में मसलूंगा!
हा हा हा! दुनिया के सबसे ब क्राइम फाइटर की चटनी कि को खानी हो तो बताए! ध्रुव की चटनी बनने जा रही है!
मुझे चखवा देना!
मैंने आज तक प्लास्टर ऑफ पेरिस के बने पुतले की चटनी नहीं खाई है!
ध्रुव! तू... तू! यानी ये प्लास्टर ऑफ पेरिस का पुतला है! तू नहीं है।
धड़ाम
ये तो जाहिर है। दरअसल तुम्हारी आंखों पर पेंट पड़ने के कारण मुझे इतना समय मिल गया था कि मैं तुम्हारे ही वार से छोटे हो चुके इस पुतले को पीले और नीले रंग से पेंट कर सकूं!
और मुझको छोटा समझकर जैसे ही तुमने श्रिंकिंग के वार बंद किए, मुझको तुम पर हमला करने का मौका मिल गया!

अब मैं तुमको न वार करने का मौका दूंगा, और न ही उठने का!
मुझे अफसोस है कि ऐसा नहीं होगा। मैं बताने के लिए तो तैयार हूं..
अब तुम ही मुझको बताओगे कि आर्मी के हथियार डिपो से तुम हथियार किसकी मदद से चुराते रहे हो?
...लेकिन तुम पूछने के लिए जिन्दा नहीं बचोगे!
ओ गॉड! ये छोटा होकर उस नाली से बाहर जा रहा है, और जाते-जाते इसने किसी रिमोट का बटन दबाया है!
बटन दबने का नतीजा तुरन्त ही सामने आ गया-
डिपो के कोने में एक विस्फोट हुआ-
धड़ाम
और फिर 'चेन रिएक्शन' चालू हो गया-
धमाके पर धमाके होने लगे-
ध्रुव के लिए अब भागने या बचने का कोई भी रास्ता नहीं बचा था-

बडाममममममममम ममम
और देखते ही देखते पूरा आर्मी डिपो विस्फोटों से पैदा हुए शोलों में घिर चुका था-
ओह! ये... ये क्या हुआ? अब... अब ध्रुव का क्या होगा? उसका बचना तो नामुमकिन है!
अगर वह इन धमाकों की झड़ी से बच गया...
...तो मैं मान लूंगा कि वह इंसान नहीं...
...अवतार है! सचमुच है! बच गया है ध्रुव! और... और वह हवा में भी उड़ रहा है।
देख तो मैं भी रहा हूं! पर इस दृश्य पर यकीन करना मुश्किल है! ऐसा हो ही नहीं सकता।
पर... अब ये जा कहां रहा है?

* नताशा, ग्रैंड मास्टर रोबो की बेटी है और रोबो की भूतपूर्व कमांडर होने के साथ-साथ, ध्रुव की दोस्त भी है।

अब ये गुरिल्ला, ट्रक छोड़कर जा रहा है! यानी यही ट्रक लेकर मुझे जाना है!

मुझे कुछ गड़बड़ लग रही है! आप ये अवैध हथियारों से भरा ट्रक लेकर कहीं नहीं जाएंगे!

मैं वादा कर चुका हूं, नताशा!

नताशा सही कह रही है! तुम ये ट्रक लेकर कहीं नहीं जाओगे, रोबो!
ध्रुव! हुम... तुम उड़ कैसे रहे हो, ध्रुव?
और तुम यहां तक पहुंचे कैसे?
गन मेटल की 'वेव-लेंग्थ' का पीछा करते हुए! रोबो अब तुम इस ट्रक से उतर जाओ!
क्योंकि मैं ऐसी मैग्नेटिक फील्ड पैदा कर रहा हूं जो तुम्हारे ट्रक के शॉफ्ट को घूमने ही नहीं देंगे!
सचमुच ये ट्रक स्टार्ट नहीं हो रहा है! पहियों से इंजन का संपर्क ही खत्म हो गया है!
अच्छा हुआ! ध्रुव ने आपको इस दलदल में गिरने से बचा लिया! थैंक्स, ध्रुव!
रोबो को काम पूरा करने से कोई रोक नहीं सकता! अगर इंजन की शक्ति ट्रक को आगे नहीं बढ़ाएगी तो मैं ट्रक को ढलान पर फिसलाकर ले जाऊंगा!
फिर तो मुझे तुमको रोकना ही होगा, रोबो!

मैं तुम्हारे आगे बढ़ने के सारे रास्ते बन्द कर दूंगा! मुझको वैसे भी तुमको नहीं, इस ट्रक को रोकना है! तुम तो अपने आप ही रुक जाओगे!
वाऊ! ध्रुव अपने ब्रेसलेट से स्टार ब्लेड्स के बजाय रहस्यमयी किरणें छोड़ रहा है। जो चट्टानों को हवा में उड़ाकर ट्रक के रास्ते में फेंक रही हैं। अब तो पापा को रुकना ही पड़ेगा। पर ध्रुव के पास ऐसी किरणें आईं कहां से?
रोबो को रोकना इतना आसान नहीं था-
ये चट्टानें मेरा रास्ता रोक नहीं पाएंगी, ध्रुव!
तुमने पता नहीं कैसे नई शक्तियां प्राप्त तो कर ली हैं, लेकिन ये शक्तियां भी मुझे रोक नहीं सकतीं!
मत भूलो कि ये ट्रक...
...बारूद से भरा हुआ है!
ग्रेनेड के वार से चट्टानों के टुकड़े हवा में उड़ते चले गए-
और रोबो का ट्रक उस रुकावट को पार करता चला गया-

तुमको रोकने में अब मज़ा आएगा रोबो! बहुत दिनों से ऐसी चुनौती मुझको किसी ने भी नहीं दी है! अब अगला तर्कसंगत कदम तो ये ही है कि तुम्हारे ट्रक के रास्ते से सड़क को ही हटा दिया जाए!
ये सोनिक-ब्लास्ट पहाड़ के इस हिस्से को धूल बनाकर उड़ा देगा!
अब तो तुमको रुकना ही पड़ेगा, रोबो!
रोबो कभी नहीं रुकता!
मूसा, हैलो! तुम मेरी आवाज सुन रहे हो न?
ओ माई गॉड! पापा ट्रक को रोक नहीं रहे हैं! ट्रक हवा में गिर रहा है!
सुन भी रहा हूं और आपकी पोजीशन अपने राडार पर देख रहा हूं, बॉस! आप अपना काम करते रहें!
लेकिन ट्रक, हवा में ही थाम लिया गया-
मूसा, रोबो तक पहुंच गया था-

ये सुपर सोनिक स्पीड पर चलने वाला हैलीकॉप्टर है ध्रुव! अगर तुम ध्वनि की गति से भी तेज उड़ सकते हो तो मेरा पीछा करके दिखाओ!

तुम्हारा पीछा करना कोई बड़ी बात नहीं है रोबो! लेकिन मुझको तुम्हारा पीछा तो तब करना पड़ेगा जब तुम कहीं जा पाओगे!

रहस्यमय किंग कांग की नजरें पूरे घटनाक्रम पर टिकी हुई थीं-

वैसे तो रोबो शायद ध्रुव को मात दे देता। लेकिन ध्रुव में नई शक्तियां आ जाने के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रहा है!

मुझे रोबो की मदद करनी होगी!

लेकिन उसने जो कुछ भी किया उसका नतीजा चकरा देने वाला था-

ये... ये क्या हो रहा है? साइंस के सिद्धान्तों को ठेंगा दिखाते हुए, रोबो का हैलीकॉप्टर बगैर पंखों के ही उड़ता चला जा रहा है और वह भी जेट स्पीड से!

मुझे इसको रोकना होगा!

ये क्या हो रहा है मुझे तो कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है! पहले ध्रुव में आश्चर्यजनक शक्तियां आ गईं...

...और फिर पापा का हैली-कॉप्टर बिना परों के उड़ रहा है!

लो! तुम तो बच गई, नताशा! और तुम्हारे साथ-साथ रोबो भी मेरे हाथ से बचकर निकल गया! और वह भी चुराए गए हथियारों के साथ!
ऐसा मैंने जानबूझ कर किया है ध्रुव। पापा को मैं भी जुर्म के दल-दल में दुबारा फंसने से बचाना चाहती हूं!
लेकिन ऐसा तभी हो सकता है जब हम उन लोगों तक पहुंचें जो पापा को ऐसा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं
और अब उन तक पहुंचना तुम्हारे दिमाग का काम है!
वे लोग हमारे आसपास ही हैं नताशा। और मैं जल्दी ही उनसे सच को उगलवा लूंगा!
कौन हैं वे लोग?
वे लोग अभी तुम्हारे सामने आ जाएंगे नताशा!
"जब मैं आर्मी डिपो में जाकर उनसे पूछताछ करूंगा
यस, मेजर शर्मा! अब आप बताइए कि आपकी करगिल एम्युनि-शन फैक्ट्री वालों से क्या साठगांठ है?
और वे लोग कौन हैं जो हथियारों के बक्सों में शिंकर जैसे खतरनाक अपराधियों को छुपाकर डिपो के अंदर भेजते रहे हैं!
ये तुम क्या बक रहे हो ध्रुव! हम इस देश के सिपाही हैं! हम अपनी जान दांव पर लगाते हैं ईमान नहीं!
हम भी कि अपराधी को कंटेनर में नहीं लाए। हमारा यकीन करो

पूछताछ में समय बर्बाद हीं करूंगा! क्योंकि मुझको यह ता करने में ज्यादा वक्त नहीं गेगा कि, आप लोग झूठ बोल रहे हैं या सच!
शेक हैंड्स, मेजर शर्मा!
ध्रुव का दाहिना हाथ मेजर शर्मा के हाथ पर कसते ही ध्रुव के दूसरे हाथ की उंगलियां कंप्यूटर मॉनीटर के सॉकेट में घुस गईं-
और कंप्यूटर स्क्रीन पर मेजर शर्मा के शरीर के अंदर हो रही हलचल का 'डाटा' उभरने लगा-
स्वेटिंग- सामान्य
ब्लड प्रेशर- सामान्य
दिल की धड़कन- सामान्य
एड्रेनालिन हार्मोन लेवल- सामान्य
ये... ये क्या? तुम मेजर शर्मा के शरीर की रीडिंग को कंप्यूटर स्क्रीन पर कैसे ट्रांसफर कर सकते हो! एमेजिंग! आई डोंट बिलीव इट!
कैसे तो बाद में बताऊंगा ताशा! फिलहाल इस डाटा के अनुसार जर शर्मा सच बोल रहा है! अब रगिल एम्युनिशन फैक्ट्री वालों की ांच भी कर ली जाए!
किन कोई नतीजा हीं निकला-
सभी सच बोल रहे हैं! इनका ंध न तो शिंकर से है और ही हथियारों की चोरी से!
पर ऐसा कैसे हो सकता है?
अब क्या करोगे, ध्रुव?

अब तो एक ही रास्ता है। चुराए हथियारों से भरे ट्रक की तलाश करनी होगी! इस नीचे की कड़ी को पकड़ कर ही इस चेन के ऊपरी कड़े तक पहुंचा जा सकता है!
गुड आइडिया! मैं भी पापा को बरगलाने वाले तक पहुंचना चाहती हूं! लेकिन फिलहाल तो मुझे राजनगर पहुंचना है! फटाफट! वर्ना मुझे नई नौकरी ढूंढनी पड़ेगी!
राजनगर तो मुझे भी जाना है! कहो तो लिफ्ट दे दूं!
लिफ्ट के लिए थैंक्स! पर 'ड्रॉप' तभी करना जब मैं कहूं!
राजनगर पहुंचने में ध्रुव और नताशा को ज्यादा वक्त नहीं लगा-
छिपकली!
हाय!
लो, मॉम! आ गए तुम्हारे लाड़ले!
काम का बहाना बनाकर नताशा के साथ घूमते रहते हैं वाह, क्या काम है!
चुप कर! जो मन आए कहीं पर भी बोल देती है! इसकी बात पर ध्यान मत देना नताशा!
नाट एट ऑल आंटी! अपनी बेस्ट फ्रेंड की बात का मैं भला क्यों बुरा मानूंगी!
चल, श्वेता! तुमसे ढेर सारी बातें करनी हैं! प्राइवेट!
तेरी और भइया की?
चल, चल!
और फिर-
क्या कह रही है नताशा भांग तो नहीं खाई थी तूने न?
भांग खाती तो भी ऐसे सीन नहीं दिखते!
पर भइया में ऐसी पॉवर आई कहां से? कहीं स्वर्ण नगरी से तो नहीं?

अगर ये शक्तियां ध्रुव को स्वर्ण नगरी से ही लेनी होती तो वह बहुत पहले ये शक्तियां ले चुका होता!
गुड प्वाइंट! पर... ऐसी शक्तियां उसको और कहां से मिल सकती हैं!
पता नहीं! वह तो हर बार एक नई शक्ति दिखा रहा है! ऐसा लगता है जैसे कि उसकी शक्तियां अंतहीन हों!
मुझे तो कुछ गड़बड़ लग रही है नताशा! चल देखते हैं कि भइया अभी क्या कर रहा है!
वो देख! तेरे कंप्यूटर पर कुछ टिप-टिप कर रहा है!
क्या कर रहे हो, भइया! मेरा सारा काम बिगड़ जाएगा! मैंने अभी कुछ भी 'सेव' नहीं किया है!
मुझे अभी पूरे हिन्दुस्तान को सेव करना है, श्वेता! मैं तेरा काम बिगाड़कर अपना काम बना रहा हूं!
कैसा काम?
मैं तेरे कंप्यूटर की मदद से हिन्दुस्तान के ऊपर फिक्स सभी 'जासूस-सेटेलाइटों से संपर्क साध रहा हूं! ताकि मुझे उस ट्रक को ले जाते हुए हेलीकॉप्टर की तस्वीरें और उसके उतरने की पोजीशन मिल जाए!
पर स्पाई सेटेलाइटों के तो अत्यंत गुप्त कोड होते हैं! बगैर उन कोड को जाने तुम उनसे संपर्क कैसे कर सकते हो?
तुम तो कंप्यूटर के बारे में ज्यादा जानते भी नहीं हो!
अब जानता हूं! डिस्टर्ब मत कर श्वेता!
ले, मुझको मिल गई उस बिना पंख वाले हेलीकॉप्टर के उतरने की जगह!
वह हेलीकॉप्टर राजनगर में ही उतरा है!
इसी शहर में! हमारे पास!

राजनगर की सीमा पर स्थित एक सुनसान बियाबान स्थान पर-
कमाल है बॉस! समझ में नहीं आया कि बगैर पंखों के हैलीकॉप्टर उड़ता हुआ यहां पर कैसे आ गया?
मुझे तो ऐसा लग रहा था जैसे कि मैं नहीं कोई और शक्ति उसको चला रही थी!
समझने की जरूरत है भी नहीं, मूसा। ये ट्रक अपने एजेंट के हवाले करो ताकि ये हथियारों को इस लिस्ट के अनुसार अलग- अलग जगहों पर पहुंचा दे!
लाइस लिस्ट सर! माल ले जाने के लिए हमारी वैनें तैयार खड़ी हैं!
दस मिनटों के बाद यहां पर किसी भी चीज का निशान तक नहीं मिलेगा!
मिलेगा! तुम्हारे बेहोश पड़े बदन मिलेंगे!
अगर तुमने इस लिस्ट को हथियारों के साथ मेरे हवाले नहीं किया तो!
सुपर कमांडो ध्रुव!
वापस चला जा! तेरी पीली पोशाक को मैं तेरे खून से लाल करना नहीं चाहता!

लिस्ट, रोबो।
हमारे पास इस वक्त पूरी सैनिक टुकड़ी से लड़ने लायक घातक हथियार हैं ध्रुव! तुम्हारे चिथड़े उड़ते देर नहीं लगेगी!
अपनी परवाह करो रोबो! इस वक्त तुमको सिर्फ तीन चीजें बचा सकती हैं!
लिस्ट, हथियार और आत्मसमर्पण।
किल हिम!
रॉकेट लांचर से छूटकर रॉकेट ध्रुव के चिथड़े उड़ाने के लिए चल पड़ा-
सुपर सोनिक गति से उड़ता रॉकेट एकाएक थम गया-
उसको अपने से भी तेज गति से हरकत करने वाली चीज मिल गई थी-
ध्रुव के हाथ रॉकेट पर कस गए थे-
और उस कलाबाजी ने रॉकेट के रुख को वापस हमलावरों की तरफ मोड़ दिया था-

ओ गॉड! मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा है कि कोई इंसान सुपर सोनिक रॉकेट से भी तेज गति से हरकत कर सकता है!
मूसा! इलेक्ट्रिक डिसचार्जर का प्रयोग करो! 50,000 वोल्ट की करेंट में इसको जलाकर खाक कर दो!
विद्युत तरंगें ध्रुव के शरीर को राख में बदलने के लिए लपकीं-
लेकिन खुद ही लुप्त हो गईं-
अब झटका खाने की बारी मूसा की थी-
ये ये तो उंगलियों से बिजली को डिस्चार्ज कर रहा है!
नहीं! बहुत हो गया ध्रुव! तूने अब रोबो को मजबूर कर दिया है!

ग्रैंडमास्टर रोबो ने अपना ब्रह्मास्त्र चला दिया था-

उसकी लेसर आई चमक उठी थी-

अब इस लेसर-रे को रोककर दिखा ध्रुव!

इसको तू जिस चीज से भी रोकने की कोशिश करेगा, ये उसको जलाकर तब तक खाक करती रहेगी, जब तक ये तुझको खाक नहीं कर देती।

ऐसे खतरों से मैं कई बार निपट चुका हूं! ये लेसर रे प्रकाश का ही दूसरा रूप है और प्रकाश को...

चंडिका को ध्रुव की क्षमता पर जो भरोसा था वह गलत नहीं था-

लेकिन रोबो को रोकने के लिए ध्रुव ने जो तरीका अपनाया, वह चंडिका तक को आश्चर्यचकित कर देने वाला था-

तुम्हारी लेसर रे को एक ही चीज रोक सकती है!

डबल लेसर रे!

ध्रुव की भी दोनों आंखें चमक उठीं-

लेकिन किसी को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया-
घबराओ मत रोबो! मैं इस धमाके को 'मैग्नेटिक फोर्स फील्ड' में कैद कर दूंगा! ये धमाका फिर किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा!
कमाल है यार! एक और नई शक्ति! मुझे तो ये ध्रुव लग ही नहीं रहा है!
श श श! उस कोने में एक चमक उभर रही है!
बस! बहुत नुकसान कर दिया तूने मेरा! तेरी नई शक्तियों से मेरे आदमी या रोबो के आदमी नहीं निपट सकते! तुमसे मुझको खुद ही निपटना होगा!
किंगकांग!
तो तुम हो जिसका इस सारे षड्यंत्र के पीछे हाथ है!
अच्छा हुआ कि तू खुद मेरे सामने आ गया।
तेरे लिए ये अच्छा नहीं हुआ है, ध्रुव...

... बहुत खराब हुआ है!
धड़ाक
पर घबरा मत! मैं तुझको जान से नहीं मारूंगा! तुझको अपने साथ ले जाऊंगा! आखिर मुझे ये भी तो पता करना है कि तेरी आश्चर्यजनक शक्तियों का राज क्या है?
कमाल है! पहले तो इसने अद्भुत शक्तियों वाले ध्रुव को एक ही वार से चित्त कर दिया! और अब ये ध्रुव के साथ फिर से गायब हो रहा है! आखिर कौन है ये किंग कांग?
जो भी हो! ध्रुव के सामने ये भी नहीं टिक पाएगा!
अगर ये असली ध्रुव हुआ तो ऐसा ही होगा, नताशा!
अगर ये असली ध्रुव नहीं है तो वह है कहां पर? ऐसा होता तो असली ध्रुव अब तक सामने न आ जाता!

सन् 2296 -
मैं कहां पर हूं? हिपो में इस धमाके से मैं बच कैसे गया? या... या ये मौत के बाद की दुनिया है?
एक तरह से तुम सच कह रहे हो? ये दुनिया तुम्हारी मौत के बाद की है। पर फिलहाल तुम जिन्दा हो!
वेलकम टू इयर 2296!
मैं इंस्पेक्टर मिट्टा डाला हूं, और ये हैं मेरे मित्र प्रोफेसर इंवेशन प्रसा! इनके विज्ञान के चमत्कार से ही तुमको इस युग में लाया गया है!
तुम जरूर जानना चाहोगे कि क्यों! वैसे तो यह काम सिर्फ एक चैलेंज के कारण किया गया था! पर अब हमारे इस युग में कई सदियों का सबसे बड़ा अपराध घटा है! और इंस्पेक्टर मिट्टा के अनुसार अगर इस केस को कोई सुलझा सकता है तो सिर्फ तुम!
तुम ध्रुव! तुम अभी भी अपने युग में मौजूद हो!
तुम्हारी मेमोरी से युक्त आश्चर्यजनक शक्तियों वाले एक रोबॉट के रूप में!
एमेजिंग! मुझे यकीन नहीं हो रहा है! पर... पर अगर मुझे यहां पर बुलाया गया है तो मेरे युग के अपराधों से कौन निपटेगा?
क्रमशः
वर्तमान युग में भविष्य की शक्तियों से युक्त रोबॉट ध्रुव और भविष्य की दुनिया में प्राचीन युग का ध्रुव! दांव पर लगा है मिट्टा डाला का विश्वास, इंवेशन प्रसा की सनक और साथ में पृथ्वी का भविष्य! कौन जीतेगा ये दांव? मिट्टा, प्रसा, या फिर...
सुपर कमांडो ध्रुव

GREEN PAGE-221

प्रिय पाठको,

हम अक्सर आपको ग्रीन पेज के माध्यम से राज कॉमिक्स की गतिविधियों से अवगत कराते रहते हैं। इस बार आपको राज कॉमिक्स द्वारा दिये जा रहे एक ऐसे स्वर्णिम प्रयास की सूचना दे रहे हैं। जो भारत में पहली बार हो रहा है। वो भी नागराज के साथ।

क्या आपको नहीं लगता कि आप अपने कंप्यूटर पर या टी.वी.पर विदेशी कार्टून किरदारों को देख-देखकर बोर हो गए हैं। तो आप तैयार हो जाइए अपने पूर्णतः भारतीय किरदार जो वर्षों से आपका राज कॉमिक्स के माध्यम से मनोरंजन कर रहे थे। वो जल्द ही एनीमेशन के रूप में आपके पास पहुंच रहे हैं।

जी हां! भारत के पहले एनीमेटेड सुपर हीरो के सम्मान का हकदार बनने जा रहा है। आपका अपना ही नागराज।

राज कॉमिक्स और **आर्टून्ज एनीमेशन स्टूडियो** चित्रकारों को प्रोफेशनल आर्टिस्ट बनाने में अभूतपूर्व प्रयास कर रहे हैं। **आर्टून्ज एकेडमी ऑफ एनीमेशन एण्ड इलस्ट्रेशन** में 15 फरवरी से क्लासेज शुरू हो रही हैं। यह कोर्स 6 महीने का है जहां आप इलस्ट्रेशन सीखकर **राज कॉमिक्स** में तथा एनीमेशन सीखकर **आर्टून्ज एनीमेशन स्टूडियों** में अपना भविष्य बना सकेंगे। इसे कहते हैं आम के आम गुठलियों के दाम।

अब राज कॉमिक्स के अगले सेट की कुछ गरमा गरम खबर। अगले सेट में एक खतरनाक विलेन डोगा को भगा-भगाकर मारेगा। भोकाल अपने मित्रों से मित्रघात करेंगा, स्टील व डोगा ये फैसला करेंगे कि दोनों में से कौन बचेगा कौन मरेगा, एंथोनी इस बार मुर्दे से पिशाच बनेगा, गमराज एक ऐसे अजीब से करेक्टर को सीधी राह दिखायेगा जो दहेज लेने वालों का दुश्मन है और इस बार बांकेलाल राजा बनने के लिए जादुई फल को लाया है। जो उसे राजा बनाकर ही रहेगा। इंतजार कीजिए इन मजेदार कहानियों का।

ग्रीन पेज के लिए अपने सुझाव इस पते पर भेजें: **ग्रीन पेज, राज कॉमिक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84.**